माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1160/02/सम्ब0/MSU/2023–24 दिनांकः 20/9/23

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या

समस्त सम्बद्व महाविद्यालय।

विषयः– महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता हेतु बंधक प्राभूत राशि की मूल प्रति जमा कराने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शासनादेश दिनांक : 27 सितम्बर, 2002 एवं 11 अक्टूबर, 2002 द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता हेतु प्राभूत की धनराशि निर्धारित की गई है। महाविद्यालय में संचालित किये जा रहे पाठ्यक्रमों की प्राभूत राशि की मूल प्रति कुलसचिव, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के पक्ष में बंधक (Pledge) कराकर जमा नहीं करायी गई है।

विश्वविद्यालय की मा0 कार्यपरिषद की दिनांक 24.08.2023 को आहुत बैठक में उक्त प्रकरण पर विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त संकल्प 06.01 के बिन्दु संख्या B पर निम्नवत् निश्चय किया गया :–

"विश्वविद्यालय की स्थापना से पूर्व सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित जिन पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा प्रदान की गई है उन पाठ्यक्रमों की प्राभूत राशि (एफ0डी0) कुलसचिव, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के पक्ष में बंधक (Pledge) कराकर मूलरूप में विश्वविद्यालय में जमा करायी जाये।"

अतः कार्यपरिषद द्वारा किये गये निश्चय के आलोक में महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की पाठ्यक्रमवार प्राभूत राशि (एफ0डी0) कुलसचिव, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के पक्ष में बंधक (Pledge) कराकर मूलरूप में विश्वविद्यालय में दिनांक : 03 अक्टूबर, 2023 तक जमा कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. गार्ड फाईल।

उपकुलसचिव